भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1257
उत्तर देने की तारीख : 10.02.2020

संस्कृत विश्वविद्यालय

†1257. श्री पी.सी. गद्दीगौदरः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में स्थित संस्कृत विश्वविद्यालयों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान इनमें से प्रत्येक को वर्ष-वार कितना अनुदान प्रदान किया गया है;
(ग) क्या सरकार का देश के कुछ संस्कृत विश्वविद्यालयों को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का दर्जा देने संबंधी कोई प्रस्ताव है; और
(घ) उक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) : एक सूची संलग्नक - I पर दी गई है।

(ख) : तीन संस्कृत सम विश्वविद्यालय हैं जो कि पूर्ण रूप से केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं। इन तीन संस्थाओं को प्रदान की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है :

(ग) :

क्र.सं.	संस्था और राज्य का नाम	आबंटित अनुदान		
		2016-17	2017-18	2018-19
1.	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (आरएसकेएस), दिल्ली,	19831.06	21437.99	23115.00
2.	श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (एसएलबीएसआरएसवी), नई दिल्ली	3259.37	3833.53	4802.23
3.	राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (आरएसवी) आंध्र प्रदेश	2391.12	3800.91	3753.41

उपरोक्त के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक, महाराष्ट्र जो एक राज्य विश्वविद्यालय है, को वर्ष 2017-18 में एक बारगी अनुदान के रूप में 140.00 लाख रू. की राशि प्रदान की है। अन्य विश्वविद्यालय जोकि राज्य विश्वविद्यालय हैं, उन्हें संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है।

(घ) : जी हां। तीन समवत संस्कृत विश्वविद्यालयों नामत: राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (आरएसकेएस), दिल्ली, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (एसएलबीएसआरएसवी), नई दिल्ली और राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (आरएसवी) तिरूपति को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में बदलने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एक विधेयक पहले ही लोकसभा में पारित किया जा चुका है।

*****

संलग्नक -I

संस्कृत विश्वविद्यालयों की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	राज्य	देश के संस्कृत विश्वविद्यालयों और समवत विश्वविद्यालयों के नाम	विश्वविद्यालय का प्रकार
1.	बिहार	कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा	राज्य विश्वविद्यालय

2. 3.	आंध्र प्रदेश	श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति	राज्य विश्वविद्यालय सम विश्वविद्यालय
4. 5	दिल्ली	श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान	- वही - - वही -
6.	उत्तर प्रदेश	सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी	राज्य विश्वविद्यालय
7.	ओडिशा	श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्व विद्यालय	वही
8. 9.	केरल	श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कलाड़ी चिन्मय विश्व विद्यापीठ, कोचीन	वही
10.	महाराष्ट्र	कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्व विद्यालय, रामटेक	वही
11.	राजस्थान	जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर	वही
12.	गुजरात	श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल	वही
13.	उत्तराखंड	उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय, हरिद्वार	वही
14.	कर्नाटक	कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बेंगलुरू	वही
15.	असम	कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत और प्राचीन अध्ययन विश्वविद्यालय	वही
16.	पश्चिम बंगाल	द संस्कृत कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी, कोलकाता	वही
17.	मध्य प्रदेश	महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय	वही
18	हरियाणा	महर्षि बाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय	वही